09 नवम्बर 2021

विशेष रिपोर्ट

# मसाले

## नवम्बर 2021




smc

Moneywise. Be wise.

# हल्दी

## महत्वपूर्ण कारक

- दक्षिण भारत और महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश से फसल को नुकसान
- देश हल्दी का उत्पादन क्षेत्र
- घरेलू और निर्यात मांग
- हाजिर बाजार में आवक
- व्यापारियों के पास स्टॉक और आवक की गुणवत्ता




Source: Reuters & SMC Research


## आउटलुक

हल्दी वायदा(दिसम्बर) की कीमतों में 7500-7700 तक तेजी रहने की उम्मीद है। उम्मीद से कम उत्पादन और आने वाले महीनों में निर्यात मांग में तेजी की संभावना से कीमतों को मदद मिल सकती है। मौसमी चार्ट के अनुसार, अगले दो महीनों के दौरान हल्दी के नए सीजन की आवक के कारण हल्दी की कीमतों में बहुत कम उतार-चढ़ाव के साथ कारोबार हो सकता है।

## हल्दी का टेक्निकल स्तर

| कॉन्ट्रैक्ट | स्टॉपलॉस 1 | स्टॉपलॉस 2 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 1 |
|---|---|---|---|---|---|
| दिसंबर | 7,370.00 | 6,885 | 7,130 | 7,350 | 7,590 |

### हल्दी वायदा की कीमतों में मासिक बदलाव (%)




स्रोत: रॉयटर्स


### हल्दी वायदा का सीजनल चार्ट




स्रोत: रॉयटर्स

## महत्वपूर्ण कारक

- घरेलू मांग और निर्यात संबंधी पूछताछ
- किसानों और व्यापारियों के पास बचा हुआ स्टॉक
- गुजरात में बुआई में प्रगति
- सीरिया, तुर्की आदि जैसे अन्य देशों में उत्पादन।




Source: Reuters & SMC Research


## आउटलुक

जीरा की कीमतों में बढ़ोतरी की उम्मीद है क्योंकि निर्यात लगातार बढ़ रहा है और बाजार के सूत्रों ने कहा कि अफगानिस्तान और सीरिया जैसे उत्पादक देशों से कम आपूर्ति के कारण आने वाले महीनों में निर्यात में अधिक वृद्धि होगी। हम उम्मीद करते हैं कि जीरा (दिसंबर) की कीमतें 15200 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 16100 के स्तर तक बढ़ सकती है। कारोबारियों के अनुसार अच्छी मांग और अधिक स्टॉक के कारण बाजार का फंडामेंटल संतुलित है। कीमतों के मौसमी चार्ट के अनुसार, नवंबर-दिसंबर के दौरान स्टॉक की ऑफ-लोडिंग के कारण जीरा की कीमतों में गिरावट होती हैं क्योंकि गुजरात के मुख्य उत्पादक राज्यों में जीरा की बुवाई शुरू हो रही है। इस साल हमने गुजरात में जीरा बुवाई के मौसम की धीमी शुरुआत देखी है जिससे कीमतों को समर्थन मिलेगा।

## जीरा का टेक्निकल स्तर

| कॉन्ट्रैक्ट | स्टॉपलॉस 1 | स्टॉपलॉस 2 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 1 |
|---|---|---|---|---|---|
| दिसंबर | 15,160.00 | 13,840 | 14,500 | 15,020 | 15,680 |

### जीरा वायदा की कीमतों में मासिक बदलाव (%)




स्रोत: रॉयटर्स

### जीरा वायदा का सीजनल चार्ट





स्रोत: रॉयटर्स


smc
Moneywise. Be wise.

# धनिया

## महत्वपूर्ण कारक

- घरेलू मांग और निर्यात संबंधी पूछताछ
- किसानों और व्यापारियों द्वारा अपने स्टॉक को बाजार में लाया जाना
- गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान में उत्पादन क्षेत्र
- गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हाजिर बाजार में आवक




Source: Reuters & SMC Research


## आउटलुक

लगातार मांग और हाजिर बाजार में उम्मीद से कम आवक के कारण धनिया वायदा की कीमतें अक्टूबर में 6 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। मौसमी चार्ट के अनुसार, मांग और आपूर्ति में संतुलन के कारण आने वाले हफ्तों में कीमतें मौजूदा स्तरों पर स्थिर रह सकती हैं। धनिया (दिसम्बर) कॉन्ट्रैक्ट की कीमतों के 7700–8600 के दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है।

## धनिया का टेक्निकल स्तर

| कॉन्ट्रैक्ट | स्टॉपलॉस 1 | स्टॉपलॉस 2 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 1 |
|---|---|---|---|---|---|
| दिसंबर | 8,180.00 | 7,450 | 7,815 | 8,170 | 8,540 |

### धनिया वायदा की कीमतों में मासिक बदलाव (%)




स्रोत: रॉयटर्स

### धनिया वायदा का सीजनल चार्ट




स्रोत: रॉयटर्स

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com


Moneywise. Be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4, 5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004



एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।